# समुद्री खाद्य निर्यात 72,000 करोड़

**नई दिल्ली, 22 अप्रैल. अमेरिकी बाजार में गिरावट के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का समुद्री खाद्य निर्यात रिकॉर्ड 72,325.82 करोड़ रुपये ( 8.28 अरब डॉलर ) तक पहुंच गया.**



इस वृद्धि का मुख्य कारण अमेरिका के अलावा दूसरे बाजारों में समुद्री खाद्य निर्यात के प्रयास में मिली महत्वपूर्ण सफलताएं हैं ।समुद्री खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीडा) के ताजा आंकड़ों के अनुसार 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष में समुद्री खाद्य उत्पादों का निर्यात मात्रा के हिसाब से 19.32 लाख टन तक पहुंच गया.वैश्विक बाजारों में खलल के बीच इसे एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है ।निर्यात की इस वृद्धि में फोजन झींगा का प्रमुख योगदान रहा.वर्ष के दौरान इसके निर्यात ने 47,973.13 करोड़ रुपये (5.51 अरब अमेरिकी डॉलर) का योगदान दिया था, जो कुल निर्यात आय के दो-तिहाई से अधिक है.झींगा की खेप की मात्रा में 4.6 प्रतिशत और मूल्य में 6.35 फीसदी की बढ़ोतरी हुई ।वर्ष के दौरान भारत के समुद्री खाद्य उत्पादों के लिए अमेरिका सबसे बड़ा निर्यात ठिकाना बना रहा और वहां के लिए निर्यात 2.32 अरब डॉलर रहा.

इस दौरान हालांकि भारत के खिलाफ शुल्क बढ़ाये जाने के प्रभाव से अमेरिका को किया गया निर्यात मात्रा में एक साल पहले की तुलना में 19.8 प्रतिशत और मूल्य में 14.5 प्रतिशत घट गया.चीन, यूरोपीय संघ और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों जैसे वैकल्पिक बाजारों में मजबूत बढ़ोतरी से इस गिरावट की भरपाई हुई.

> दक्षिण-पूर्व एशिया में भी विशेष विस्तार हुआ, जहां मूल्य और मात्रा में क्रमशः 36.1 प्रतिशत और 28.2 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई.जापान को निर्यात मूल्य में 6.55 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जबकि पश्चिम एशिया को निर्यात में वित्तीय वर्ष के अंत में क्षेत्र में व्याप्त अशांति के कारण 0.55 प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गयी. कुल निर्यात मूल्य में लगभग 64 प्रतिशत हिस्सा रहा.

## भारत में जमीन सौदों में 32 प्रतिशत उछाल

**नई दिल्ली, 22 अप्रैल.** भारत के रियल एस्टेट सेक्टर में 2025 के दौरान जमीन अधिग्रहण में उल्लेखनीय तेजी दर्ज की गई है, जो इस उद्योग में डेवलपर्स के बढ़ते भरोसे को दर्शाती है. एक रिपोर्ट के अनुसार, सालभर में 149 सौदों के जरिए करीब 3,093 एकड़ जमीन खरीदी गई, जिसकी कुल वैल्यू 54,818 करोड़ रुपए रही. यह उछाल मजबूत मांग और आने वाले वर्षों में बड़े निर्माण प्रोजेक्ट्स की संभावनाओं का संकेत देता है.

रिपोर्ट बताती है कि खरीदी गई जमीन पर अगले 2 से 5 साल में लगभग 229 मिलियन स्क्वायर फीट निर्माण संभव है. हालांकि, निवेश का बड़ा हिस्सा टियर-1 शहरों में केंद्रित रहा, जहां 89 प्रतिशत पूंजी लगी, जबकि जमीन का हिस्सा 52 प्रतिशत ही रहा.

# एफडीआई निकासी अस्थायी : गवर्नर

**अल्पकालिक उतार-चढ़ाव, मजबूत आर्थिक आधार कायम**

**मजबूत आर्थिक संकेतकों से भरोसा बरकरार**



**नई दिल्ली, 22 अप्रैल भारतीय अर्थव्यवस्था में हाल के दिनों में देखे जा रहे उतार-चढ़ाव, विशेषकर विदेशी प्रत्यक्ष निवेश ( एफडीआई ) के बाहर जाने को लेकर उठ रही चिंताओं के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने स्थिति को लेकर भरोसा जताया है.**

आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने स्पष्ट किया है कि एफडीआई निकासी और बाजार में अस्थिरता जैसी घटनाएं अल्पकालिक हैं और इन्हें दीर्घकालिक आर्थिक कमजोरी के संकेत के रूप में नहीं देखाद्ध जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर बदलती आर्थिक परिस्थितियों, विकसित देशों की नीतियों में बदलाव और अंतरराष्ट्रीय अनिश्चितताओं के कारण पूंजी का आवागमन एक सामान्य प्रक्रिया है. भारत जैसे उभरते बाजारों में इस तरह के उतार-चढ़ाव स्वाभाविक हैं और इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है. आरबीआई इन सभी गतिविधियों पर करीबी नजर बनाए हुए है और जरूरत पड़ने पर उचित कदम उठाने के लिए तैयार है. हाल के महीनों में विदेशी निवेश में कुछ कमी देखी गई है, जिससे रुपये पर दबाव और शेयर बाजारों में अस्थिरता बढ़ी है. हालांकि, केंद्रीय बैंक का मानना है कि यह स्थिति अस्थायी है और भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत बुनियाद इसे लंबे समय तक प्रभावित नहीं होने देगी. आरबीआई ने यह भी दोहराया कि उसका प्राथमिक लक्ष्य वित्तीय स्थिरता बनाए रखना और निवेशकों का भरोसा कायम रखना है.

> देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत बताते हुए आरबीआई ने कई प्रमुख संकेतकों का उल्लेख किया . महंगाई दर नियंत्रण में बनी हुई है, चालू खाते का घाटा सीमित दायरे में है और विदेशी मुद्रा भंडार पर्याप्त स्तर पर है . ये सभी कारक इस बात का संकेत देते हैं कि भारत बाहरी आर्थिक झटकों को सहने में सक्षम है . इसके साथ ही भारत की विकास दर भी वैश्विक स्तर पर प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज बनी हुई है . सरकार द्वारा बुनियादी ढांचे के विकास, डिजिटल अर्थव्यवस्था के विस्तार और सुधारों की निरंतर प्रक्रिया ने देश को निवेश के लिए आकर्षक बनाए रखा है .

# सोना-चांदी में जोरदार उछाल, कीमतें चढ़ीं

**1700** रुपए बढ़ा सोना

**5000** रुपए उछली चांदी



**नई दिल्ली, 22 अप्रैल.** देश के सर्राफा बाजार में आज सोना और चांदी की कीमतों में तेज उछाल दर्ज किया गया, जिससे निवेशकों और खरीदारों दोनों की नजरें बाजार पर टिक गई हैं. 24 कैरेट सोना करीब 1,700 रुपये बढ़कर 1,53,730 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जबकि 22 कैरेट सोना भी बढ़त के साथ 1,40,000 रुपये के पार बना हुआ है.

चांदी की कीमतों में इससे भी बड़ा उछाल देखने को मिला है. एक ही दिन में करीब 5,000 रुपये की तेजी के साथ चांदी 2,51,060 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई. यह बढ़ोतरी करीब 2 प्रतिशत से अधिक की मानी जा रही है, जो बाजार में मजबूत मांग और वैश्विक संकेतों का असर दिखाती है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमती धातुओं की कीमतों में बढ़त, डॉलर में उतार-चढ़ाव और निवेशकों का सुरक्षित विकल्प की ओर रुख करना इस तेजी के प्रमुख कारण हैं.

## कपड़ा निर्यात 2.1 प्रतिशत बढ़कर मजबूत

**नई दिल्ली, 22 अप्रैल.** देश के वस्त्र उद्योग ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान वैश्विक बाजारों में स्थिर प्रदर्शन करते हुए कुल निर्यात में वृद्धि दर्ज की है. कपड़ा मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, हस्तशिल्प सहित कुल वस्त्र निर्यात 3,16,334.9 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के 3,09,859.3 करोड़ रुपये की तुलना में 2.1 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है.यह वृद्धि वैश्विक स्तर पर भारतीय वस्त्र उत्पादों की लगातार बनी हुई मांग और क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को रेखांकित करती है. मंत्रालय के अनुसार, वर्ष के दौरान रेडीमेड गारमेंट्स ने निर्यात में सबसे बड़ा योगदान दिया.

इस श्रेणी का निर्यात एक वर्ष पहले के 1,35,427.6 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,39,349.6 करोड़ रुपये हो गया. जो 2.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है. यह संकेत देता है कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारतीय परिधानों की मांग लगातार बनी हुई है. सूती धागे, कपड़े, निर्मित वस्त्र और हथकरघा उत्पादों के निर्यात में भी हल्की वृद्धि दर्ज की गई.

# होर्मुज संकट से तेल आपूर्ति पर खतरा मंडराया




**नई दिल्ली, 22 अप्रैल. होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी तनाव ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को गंभीर संकट में डाल दिया है, जिससे भारत और चीन जैसे बड़े तेल आयातक देशों की चिंता बढ़ गई है.**

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़े तनाव के कारण यह अहम समुद्री मार्ग लगभग ठप हो चुका है, जिसके चलते कच्चे तेल की सप्लाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है.

रिपोर्ट के अनुसार, संकट की शुरुआत में भारत और चीन ने समुद्र में पहले से मौजूद रूसी और ईरानी तेल कार्गो का सहारा लिया था. ये वे जहाज थे जो ट्रांजिट में थे या समुद्र में ही स्टोरेज के रूप में खड़े थे. लेकिन अब यह 'बैकअप' तेजी से खत्म हो रहा है. पहले जहां समुद्र में लगभग 2 करोड़ बैरल कच्चा तेल उपलब्ध था, वहीं अब यह घटकर 50 लाख बैरल से भी कम रह गया है. कुछ आकलनों में यह मात्रा मात्र 30 लाख बैरल तक बताई जा रही है. स्थिति की गंभीरता इस बात से समझी जा सकती है कि जो भंडार पहले कई हफ्तों तक चल सकता था, वह अब केवल कुछ दिनों के लिए ही पर्याप्त रह गया है. भारत, जो दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है, अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए खाड़ी देशों पर काफी हद तक निर्भर है.

# पहले चरण में बाहुबलियों और धनकुबेरों का बोलबाला

**कोलकाता. पश्चिम बंगाल में 23 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के मतदान से पहले एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और वेस्ट बंगाल इलेक्शन वॉच ने उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया है. इस विश्लेषण में 152 निर्वाचन क्षेत्रों के 1,475 उम्मीदवारों को शामिल किया गया.**




इस रिपोर्ट के परिणाम बताते हैं कि राजनीति में धनशक्ति और अपराधीकरण का प्रभाव काफी गहरा है. रिपोर्ट के अनुसार, 66 निर्वाचन क्षेत्रों को 'रेड अलर्ट' घोषित किया गया है क्योंकि वहां तीन या उससे अधिक उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं.

पहले चरण के उम्मीदवारों में अपराधियों की संख्या डराने वाली है. कुल विश्लेषण किए गए उम्मीदवारों में से 345 (23 प्रतिशत) पर आपराधिक मामले और 294 (20 प्रतिशत) पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं. सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि 19 उम्मीदवारों पर हत्या और 105 पर हत्या के प्रयास के मामले दर्ज हैं. इसके अलावा, 98 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले हैं, जिनमें से 6 उम्मीदवारों पर दुष्कर्म जैसे संगीन आरोप हैं.

राजनीतिक दलों के बीच तुलना करें तो आपराधिक मामलों की सूचना देने में भाजपा सबसे आगे है. भाजपा - 152 में से 106 उम्मीदवारों (70 प्रतिशत) पर आपराधिक मामले और 63 प्रतिशत पर गंभीर आरोप हैं. सीपीएम - 98 में से 43 उम्मीदवारों (44 प्रतिशत) पर आपराधिक मामले और 37 प्रतिशत पर गंभीर आरोप हैं. तृणमूल कांग्रेस - 148 में से 63 उम्मीदवारों (43 प्रतिशत) पर आपराधिक मामले और 32 प्रतिशत पर गंभीर आरोप हैं. कांग्रेस - 151 में से 39 उम्मीदवारों (26 प्रतिशत) पर आपराधिक मामले और 22 प्रतिशत पर गंभीर आरोप हैं.

**शिक्षा, उम्र और महिला कैंडिडेट्स की डिटेल्स**

उम्मीदवारों की प्रोफाइल पर नजर डालें तो शैक्षणिक स्तर और उम्र में काफी अंतर है. 48 प्रतिशत उम्मीदवार कक्षा 5वीं से 12वीं के बीच शिक्षित हैं, जबकि 47 प्रतिशत उम्मीदवार ग्रैजुएशन या उससे अधिक डिग्री धारक हैं.

> **जाकिर हुसैन 133 करोड़ के साथ सबसे अमीर**
>
> पहले चरण में कुल 309 (21 प्रतिशत) उम्मीदवार करोड़पति हैं और प्रति उम्मीदवार औसत संपत्ति 1.34 करोड़ रुपये है. संपत्ति के मामले में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार सबसे संपन्न हैं, जिनके 72 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति हैं और उनकी औसत संपत्ति 5.70 करोड़ रुपये है. भाजपा के 47 प्रतिशत और कांग्रेस के 33 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति की श्रेणी में आते हैं.


## साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

"मिनी रत्न कम्पनी"

(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

**सूचना**

एसईसीएल मुख्यालय द्वारा रामपुर-बटुरा ओसीएम हेतु ग्राम रामपुर के निम्नलिखित योजना प्रभावित भू-आश्रितों को रोजगार हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई है:-

| Sl. | Name of PAPs (S/Sri/Smt.) | Sanction letter No. and date | Village |
|---|---|---|---|
| 1 | ब्रजराज पटेल पिता शिवकुमार पटेल | L.No. SECL: BSP: MP: LAND: SGP: 2026: R: E-2178881: 2964 Dtd. 31-03-2026 issued by General Manager (HR/Manpower), SECL, Bilaspur (CG). | Rampur |
| 2 | दीपिका सोनी पत्नी हेमंत सोनी (पिता जतन लाल सोनी) | L.No. SECL: BSP: MP: LAND: SGP: 2026: R: E-2124327: 2968 Dtd. 31-03-2026 issued by General Manager (HR/Manpower), SECL, Bilaspur (CG). | Beliya |
| 3 | संदीप गुप्ता पिता धन राज गुप्ता | L.No. SECL: BSP: MP: LAND: SGP: 2026: R: E-2158512: 2969 Dtd. 31-03-2026 issued by General Manager (HR/Manpower), SECL, Bilaspur (CG). | Rampur |
| 4 | सरद गुप्ता पिता रामावतार गुप्ता | -Do- | Rampur |
| 5 | दिलीप सोनी पिता लल्लू लाल सोनी | -Do- | Rampur |
| 6 | नितिन कुमार मिश्र पिता विष्णु कान्त मिश्र | -Do- | Rampur |
| 7 | राम खेलावन साहू पिता रामप्रमोद | L.No. SECL: BSP: MP: LAND: SGP: 2026: E-2271990: 2972 Dtd. 31-03-2026 issued by General Manager (HR/Manpower), SECL, Bilaspur (CG). | Khairha |
| 8 | रमेश कुमार साहू पिता रामप्रमोद साहू | -Do- | Khairha |
| 9 | सुमित कुमार साहू पिता अयोध्या प्रसाद साहू | -Do- | Khairha |
| 10 | सिद्धार्थ त्रिपाठी पिता कृष्ण दत्त त्रिपाठी | -Do- | Khairha |
| 11 | शुभम त्रिपाठी पिता कृष्ण दत्त त्रिपाठी (MINOR) | -Do- | Khairha |
| 12 | फुजैल अहमद पिता साकिर | L.No. SECL: BSP: MP: LAND: SGP: 2026: E-2269638: 2973 Dtd. 31-03-2026 issued by General Manager (HR/Manpower), SECL, Bilaspur (CG). | Khairha |
| 13 | अब्दुल कादिर पिता मो. साकिर | -Do- | Khairha |
| 14 | गौरव कुमार गुप्ता पिता अजय कुमार गुप्ता | L.No. SECL: BSP: MP: LAND: SGP: 2026: E-2284029: 2974 Dtd. 31-03-2026 issued by General Manager (HR/Manpower), SECL, Bilaspur (CG). | Khairha |
| 15 | रुबाना बी पिता सुजूद | -Do- | Khairha |
| 16 | सत्यम पटेल पिता लक्ष्मण प्रसाद पटेल | L.No. SECL: BSP: MP: LAND: SGP: 2026: E-2271820: 2976 Dtd. 31-03-2026 issued by General Manager (HR/Manpower), SECL, Bilaspur (CG). | Khannath |
| 17 | सूर्यकांत पटेल पिता रामसुजान पटेल | -Do- | Khannath |
| 18 | शिववचन पिता श्रीराम पटेल | -Do- | Khannath |

उपरोक्त प्रोजेक्ट प्रभावित व्यक्तियों के संबंध में एसडीओ (राजस्व), शहडोल से सत्यता जांच रिपोर्ट पहले ही प्राप्त की जा चुकी है। तत्पश्चात, सोहागपुर क्षेत्र के प्रबंधन द्वारा माननीय जिला कलेक्टर शहडोल के प्रतिनिधि प्राचार्य, गवर्नमेंट नेहरु पी. जी. कॉलेज जिला शहडोल से बात की, जिन्होनें इंटरव्यू की तारीख 25.04.2026 तय की है। अतः इंटरव्यू 25.04.2026 को सुबह 10.30 बजे आर. सी. क्लब सोहागपुर क्षेत्र मे सुनिश्चित किया गया है। कंपनी सेक्रेटरी, एसईसीएल, बिलासपुर द्वारा जारी नियमों और शर्तो के अनुसार पॉइंट नंबर 11 में यह निर्देश दिया गया है कि इंटरव्यू/सिलेक्शन का नोटिस अखबार में भी प्रकाशित किया जाए ताकि अगर कोई शिकायत या किसी और के नाम पर आने की संभावना हो तो उसे रोका जा सके एवं पूरी परदर्शिता बनी रहे।

SECL/26-27/19

प्रबंधक (मानव संसाधन),
एसईसीएल, सोहागपुर क्षेत्र



## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्सः +914445644022

**परिशिष्ट IV [नियम 8 (1)] कब्जा सूचना (अचल संपत्ति के लिए)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय) के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दिनांक 10.04.2024 को एक मांग नोटिस जारी किया, जिसमें उधारकर्ता, सह-उधारकताओं और गारंटरों 1. प्रेम सिंह गुर्जर, 2. संगीता प्रेम सिंह को नोटिस में उल्लिखित राशि 3,05,572.23/- (तीन लाख पांच हजार पांच सौ बहत्तर और तेईस पैसे मात्र) का भुगतान दिनांक 10.04.2024 की तिथि तक उक्त मांग नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने के लिए कहा गया है।

ऋणकताओं द्वारा राशि का भुगतान न कर पाने के कारण, ऋणकताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधोहस्ताक्षरी ने 17 अप्रैल, 2026 को नीचे वर्णित संपत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया है।

ऋणकताओं और आम जनता को विशेष रूप से आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय) द्वारा रू. 3,05,572.23/- (तीन लाख पांच हजार पांच सौ बहत्तर और तेईस पैसे मात्र) और उस पर ब्याज के प्रभार के अधीन होगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित हैं।

**अचल संपत्तियों का विवरण।**

**60 x 78 = 4680 वर्ग फुट (434.944 वर्ग मीटर) क्षेत्रफल वाली अचल संपत्ति (आवासीय मकान) का वह पूरा टुकड़ा, जो सर्वेक्षण संख्या/आबादी खसरा संख्या 520 के अंतर्गत आता है, पी.एच. संख्या 21, ग्रामः जराकड़िया खेड़ी, तहसीलः बियाओरा, जिलाः राजगढ़, मध्य प्रदेश-465674 में स्थित है, जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में कृपाल का मकान, पश्चिम में अंकित का मकान, उत्तर में सड़क, दक्षिण में खुला स्थान।**

दिनांकः 17.04.2026
स्थानः मध्यप्रदेश
ऋण खाता संख्याः 42491234

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)



## रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों को अधिक सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे के द्वारा **रीवा-छत्रपति शिवाजी टर्मिनस स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन** को दिनांक 23.04.2026 से रेगुलर गाड़ी में परिवर्तित कर चलाया जाएगा, जिसका विवरण निम्न हैः-



**गाड़ी संख्या 20154/20153 रीवा-सीएसएमटी साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस**

**परिचालन का दिन एवं दिनांकः** गाड़ी सं. 20154 रीवा से **(प्रत्येक गुरूवार)**-दिनांक 23.04.2026 से एवं वापसी में गाड़ी सं. 20153 छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से **(प्रत्येक शुक्रवार)** दिनांक 24.04.2026 सेः-

| गाड़ी सं. 20154 रीवा-छत्रपति शिवाजी टर्मिनस | | गाड़ी सं. 20153 छत्रपति शिवाजी टर्मिनस-रीवा |
|---|---|---|
| आगमन-प्रस्थान | स्टेशन | आगमन-प्रस्थान |
| **D.15.50 (Thu)** | रीवा | **A.09.45(Sat)** |
| 16.55-17.00 | सतना | 07.40-07.45 |
| 17.25-17.27 | मैहर | 07.03-07.05 |
| 18.05-18.10 | कटनी | 06.10-06.15 |
| 19.40-19.50 | जबलपुर | 04.55-05.05 |
| 20.48-20.50 | नरसिंहपुर | 03.23-03.25 |
| 21.18-21.20 | गाडरवारा | 02.48-02.50 |
| 21.53-21.55 | पिपरिया | 02.13-02.15 |
| 23.20-23.30 | इटारसी | 01.15-01.25 |
| 00.22-00.24 | हरदा | 00.03-00.05 |
| 02.02-02.05 | खंडवा | 22.43-22.45 |
| 04.05-04.10 | भुसावल | 20.15-20.20 |
| 04.35-04.37 | जलगांव | 19.38-19.40 |
| 06.38-06.40 | मनमाड | 17.53-17.55 |
| 07.42-07.45 | नासिक रोड | 16.58-17.00 |
| 10.57-11.00 | कल्याण | 14.22-14.25 |
| 11.52-11.55 | दादर | 13.42-13.45 |
| **A.12.20(Fri)** | सीएसएमटी | **D.13.30(Fri)** |

**ठहरावः**
सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खंडवा, भुसावल, जलगांव, मनमाड, नासिक रोड, कल्याण, दादर

**कोच संरचना**
वातानुकूलित प्रथम श्रेणी-01, वातानुकुलित द्वितीय श्रेणी-01
वातानुकुलित तृतीय श्रेणी-04, द्वितीय श्रेणी शयनयान-12
सामान्य कोच-04, एसएलआर-02

**पश्चिम मध्य रेल**



स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

FOLLOW US @wc_railway West Central Railway West Central Railway Official



## ई-नीलामी सूचना

**ऋण वसूली अधिकरण**

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएँ विभाग (बैंकिंग प्रभाग)
द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (**BSNL** बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर (म.प्र.) 482001

**Case No. RC 659/2019/ ओ.ए. नं. 1287/2018**

**ई-नीलामी क्रमांक 84/2026**

**UNION BANK OF INDIA वि. SHRI GYAN SINGH एवं अन्य** में पारित वसूली प्रमाण पत्र क्रमांक **RC No. RC 659/2019 / O.A. No. 1287/2018** में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र **15,50,846.90 (Rupees Fifteen Lakh Fifty Thousand Eight Hundred Forty Five and Ninety only)** तथा उस पर 10.50 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से **16-10-2018** से ब्याज एवं की वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑन लाईन ई-नीलामी प्रक्रिया तहत वेबसाईट **https:// www.bankeauctions.com** के माध्यम से की जायेगी।

**ई-नीलामी की तिथि एवं समय : 28-05-2026 दोपहर 12.00 बजे से 1.00**

**संपत्ति की अनुसूची**

**Agricultural Land Survey/Khasra No. 412/1 area 0.031 hectare, Khasra No. 413/1 area 0.011 hectare, Khasra No. 417/1 area 0.089 hectare, Khasra No. 502/1/1 area 1.900 hectare, Khasra No. 539 area 0.679 hectare, KKhasra No. 540 area 1.442 hectare, Khasra No. 544/2/1 area 3.736 hectare, total area 7.888 hectare. situated at Gram and Halka-Karaiya, RI- Kurawai, Tehsil- Kurwai, District- Vidisha (M.P.).**

**प्रारक्षित मूल्य : Rs. 44,10,000.00 (Rupees Forty Four Lakh Ten Thousand only)**

**विक्रय की शर्ते**

1. इच्छुक निविदाकर्ता वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र धारक होना चाहिये । अधिक विवरण हेतु **M/s C-1 India Pvt. Ltd., Website : https://www.bankeauctions.com, helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. : 7080804466, E-mail ID: mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com**
2. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा जमा करने के पूर्व वेबसाईट **https://www.bankeauctions.com** पर उपलब्ध नीलामी बिड प्रपत्र तथा विस्तृत नियमों व शर्तों का अवलोकन कर लें।
3. बिड केवल ऑन-लाईन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में पहचान पत्र की प्रति साथ में संलग्न कर जमा करनी होगी। (विस्तृत नियम व शर्तों का संदर्भ लें)।
4. अग्रिम जमा धरोहर राशि (ईएमडी) हेतु प्रारक्षित मूल्य की 10% राशि जो रुपये **Rs. 4,41,000.00 (Rupees Four Lakh Fourty One Thousand only)** है, RTGS/NEFT/Money Transfer द्वारा **वसूली अधिकारी, ई-नीलामी खाता, ऋण वसूली अधिकारी जबलपुर के नाम से धारित Account no. 7890303849** in the name of Recovery Officer, E-auction account, DRT Jabalpur with **INDIAN BANK, CIVIL LINES BRANCH, JABALPUR. (IFSC Code:IDIB000C627)** में आवश्यक रूप से जमा करनी होगी तथा उक्त राशि का प्रेषण बिड प्रपत्र में सुस्पष्ट रूप से उल्लेखित करना होगा।
5. निविदा ऑन लाईन माध्यम से दिनांक **26-05-2026** अथवा इसके पूर्व 17.00 बजे तक जमा करनी होगी।
6. ऑनलाईन माध्यम से जमा बिड प्रपत्र तथा अनुलग्न कों की प्रति वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, तृतीय तल, संचार विकास भवन (BSNL बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर को प्रेषित करनी होगी तथा षीघ्र अति षीघ्र भेजने के लिए सर्विस प्रोवाइडर को सूचित किया जाता है और वह, सभी नीलामी के खरीददारों की सूची एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध करावें।
7. ऑन लाईन नीलामी बोली, प्राप्त बिड में से अधिकतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक बिड की वृद्धि राशि न्यूनतम **रुपए Rs. 50,000.00 (Rupees Fifty Thousand only).** रुपये होगी। ऑन लाईन बिड में समय समाप्त के पूर्व बिड डालने पर सिस्टम द्वारा अपने आप 5 मिनिट का समय बढ़ता जायेगा।
8. असफल बोलीकर्ताओं की अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा उसी खाते में वापिस की जायेगी, जिससे कि उसका भुगतान हुआ है तथा इस संबंध में कोई भी पूछताछ स्वीकार्य नहीं होगी। इच्छुक निविदाकर्ता द्वारा अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) जमा किये जाने के पश्चात् वे जब तक असफल बोलीकर्ता घोषित नहीं किये जाते तब तक ईएमडी राशि वापिस नहीं ले सकते, अन्यथा राशि जब्त कर ली जावेगी।
9. सफल बोलीकर्ता को विक्रय उसके पक्ष में घोषित किये जाने की स्थिति में, 25 प्रतिशत बोली राशि (ईएमडी राशि को समायोजित करते हुए) अगले दिन RTGS/NEFT/Money Transfer के द्वारा कंडिका 4 में उल्लेखित खाते में जमा करनी होगी।
10. सफल बोलीकर्ता को विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि एवं विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत पोन्डेज शुल्क तथा रु. 10 (प्रति संपत्ति अलग-अलग) सहित नीलामी के 15 दिन के अंदर या यदि 15 वा. दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश हो तो, 15वे दिन के पश्चात प्रथम कार्यालयीन दिवस को उपरोक्त उल्लेखित क्र. 4 में दर्शित खाते में समयावधि में भुगतान करना होगा। भुगतान में चूक करने पर संपत्ति की नई विक्रय उद्घोषणा जारी करने के पश्चात पुनः विक्रय की जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त राशि शासन के पक्ष में जप्त कर ली जायेगी तथा तत्पश्चात विक्रय होने वाली संपत्ति अथवा राशि के किसी अंश पर चूककर्ता बोलीकर्ता के समस्त दावे समपहृत होंगे।
11. **संपत्ति ''जहाँ है, जैसी है तथा बिना किसी शिकायत'' के आधार** पर विक्रय की जावेगी।
12. संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **18-05-2026** को **प्रातः 12 बजे से** 16 बजे तक किया जा सकेगा।
13. संपत्ति प्रारक्षित मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय नहीं की जावेगी।
14. वसूली अधिकारी को किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने या बिना कोई कारण बताये नीलामी को आगे बढ़ाने/स्थगित करने का निर्बाध अधिकार होगा।
15. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे **Shri Arun Tomar, Branch Head Mob. No. 99932 82538** में उपलब्ध संपत्ति के स्वत्वाधिकार विलेख का निरीक्षण कर ले तथा संपत्ति की पहचान एवं विवरणी सही होने तथा प्रभारों आदि की पड़ताल कर ले। इस संबंध में वसूली अधिकारी किसी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। संपत्ति का विवरण बैंक द्वारा प्रदत्त दस्तावेज पर आधारित है।
16. ई-नीलामी के संबंध में विवरण **M/s C-1 India Pvt. Ltd., Website : https://www.bankeauctions.com, helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. : 7080804466, E-mail ID: mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com**
17. संपत्ति से संबंधित अधिक जानकारी **Shri Arun Tomar, Branch Head Mob. No. 99932 82538** से प्राप्त किया जा सकता है।
18. इच्छुक निविदाकर्ता ई-नीलामी प्रक्रिया में अपने स्वयं के कार्यालय/स्वेच्छा के स्थान से बोली हेतु सम्मिलित हो सकते है। प्रत्येक निविदाकर्ता द्वारा इंटरनेट कनेक्टिविटी स्वयं सुनिश्चित करनी होगी। डी.आर.टी./बैंक/सेवा प्रदाता किसी भी प्रकार से इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्या, तंत्र विच्छेप, विद्युत व्यवधान आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**स्थान : जबलपुर,**
**दिनांक : 10.04.2026**

**(सुश्री प्रीती देसाई)**
**वसूली अधिकारी-1**